अभियान

साइबर क्राइम के खिलाफ प्रशिक्षण में आईजी कपूर ने दी जानकारी

सतर्कता से करें इंटरनेट का इस्तेमाल

भास्कर संवाददाता | इंदौर

आधुनिक टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल खुद के लाभ के लिए करें, न कि किसी को नुकसान पहुंचाने के लिए, क्योंकि इससे आपका भी नुकसान होगा। इंटरनेट पर अकसर मैसेज आते हैं कि आपकी लॉटरी लगी है। कई लोग जानकारी के अभाव में इसके लालच में आ जाते हैं और अपने पैसे ही देकर फंस जाते हैं। इसी तरह सोशल मीडिया पर आपसे अनजान लोग आपकी निजी जानकारी मांगते हैं और इसका दुरुपयोग एमएमएस सहित अन्य तरीकों से करते हैं, इसलिए इंटरनेट का इस्तेमाल करते वक्त सतर्क रहें। जागरूक रहें। यही साइबर सुरक्षा का मंत्र है।

साइबर क्राइम जागरूकता अभियान में जानकारी देते आईजी कपूर।

यह बात पुलिस रेडियो ट्रेनिंग स्कूल (पीआरटीएस) के डायरेक्टर व आईजी वरुण कपूर ने कही। वे मंगलवार को प्रेस्टीज इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड रिसर्च में विद्यार्थियों और फैकल्टी मेंबर्स को साइबर क्राइम के प्रति जागरूक करने के लिए चलाए जा रहे 'संकल्प' अभियान के तहत जानकारी दे रहे थे। उन्होंने यहां विद्यार्थियों को साइबर अपराध के विश्वभर में प्रभाव, उसे रोकने के बेहतर उपाय, काल्पनिक दुनिया में गतिविधि संचालित करने के सुरक्षित उपाय बताते हुए कुछ महत्वपूर्ण टिप्स भी दिए। उन्होंने कहा- आज पूरी दुनिया में मोबाइल, इंटरनेट का सर्वाधिक उपयोग हो रहा है और साइबर अपराध सबसे तेजी से बढ़ने वाला अपराध बन चुका है। सोशल साइट्स, बैंक, बीमा, हवाई-बस-रेल यात्रा, शासकीय कार्य सहित हर क्षेत्र में इंटरनेट का उपयोग हो रहा है। इसके साथ ही साइबर अपराध भी बढ़ रहे हैं। इसका बड़ा कारण लोगों में इसे लेकर जागरूकता की कमी है। जागरूकता से आप न तो अनजाने में साइबर अपराध करेंगे, न ही इसका शिकार होंगे। उन्होंने यहां विद्यार्थियों को कभी नशा न करने का संकल्प भी दिलाया। कार्यशाला में पुलिस अधीक्षक सुदीप गोयनका ने इंटरनेट के सुरक्षित उपयोग के साथ ही आईटी एक्ट की जानकारी दी। कार्यशाला में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले आशीष साहू और सपना वासवानी को आईजी कपूर ने प्रमाण पत्र व गोल्डन बैज प्रदान करते हुए सम्मानित भी किया।